University in News on 17 November 2023

PIONEER PAGE 3

लविवि के स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे सात पूर्व छात्र

● मुख्य अतिथि होंगी केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 25 नवंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस पर विवि प्रशासन की तरफ से विवि के सात पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जायेगा। यह छात्र विवि से शिक्षा की पढ़ाई पूरी कर आज न केवल देश बल्कि विदेश में अपने देश का नाम रौशन कर रहे हैं। विवि के कुलपति लखनऊ प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह पर केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। इनके अलावा समारोह के दौरान जिन पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जायेगा, उनमें डॉ अश्वनी कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, ऋतु करिधाल, मुकेश कुमार शुक्ला, रमेश लेखक, प्रतीक त्रिवेदी और न्यायमूर्ति ए आर मसूदी शामिल हैं।

डॉ अश्वनी कुमार सिंह वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक लेक काउंटी, शिकागो यूएसए (बीएससी 1982, एमएससी रसायन विज्ञान 1984)

ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह पुलिस महानिदेशक, असम (बीएससी 1986, एमएससी भूगर्भ विज्ञान 1988)

ऋतु करिधाल वरिष्ठ वैज्ञानिक, इसरो एमएससी भौतिक विज्ञान 1996

मुकेश कुमार शुक्ला चार्टर्ड अकाउंटेंट, लखनऊ (बी कॉम 1990, एमकॉम 1992)

रमेश लेखक सांसद, नेपाल एलएलबी 1989

प्रतीक त्रिवेदी न्यूज एंकर एवं पत्रकार एमजेएमसी 1991

न्यायमूर्ति ए आर मसूदी सीनियर जज, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ खंडपीठ एलएलबी 1988

HINDUSTAN PAGE 7

दीक्षांत: पदकों के लिए 20 और 21 को होंगे साक्षात्कार

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में चांसलर, वाइस चांसलर व चक्रवर्ती पदकों के लिए साक्षात्कार की तारीख तय कर दी गई है। 20 व 21 नवंबर को साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

एलयू में छह दिसंबर को प्रस्तावित 66वें दीक्षांत समारोह के लिए पदकों की सूची जारी कर दी गई है। कुल 197 मेडल दिए जाएंगे जिसमें 15 मेडल विश्वविद्यालय की ओर से और 182 मेडल प्रायोजित होते हैं। इसके अलावा स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों से संबंधित लगभग 53 हजार डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। वहीं मुख्य अतिथि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष एस. सोमनाथ हो सकते हैं।

दीक्षांत में एलयू की ओर से तीन प्रतिष्ठित पदक दिए जाते हैं। जिसमें चांसलर, वाइस चांसलर और चक्रवर्ती पदक शामिल हैं। इसके लिए विभाग की ओर से विद्यार्थियों का चयन कर लिया गया है। अब 20 व 21 नवंबर को साक्षात्कार के जरिए चयन किया जाएगा।

एसके अग्रवाल के नाम से नया मेडल: प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस दीक्षांत में एक मेडल बढ़ा है वह एसके अग्रवाल के नाम से होगा। एमएससी बॉयोकेमिस्ट्री में टॉप करने वाले छात्र को यह गोल्ड मेडल दिया जाएगा।



स्थापना दिवस पर सात पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में सात पूर्व छात्र सम्मानित होंगे। विज्ञान, राजनीति समेत कई क्षेत्रों में नाम कर चुके पूर्व छात्रों का सम्मान मुख्य अतिथि करेंगी। एलयू में 25 नवंबर को 103वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रहेंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पूर्व छात्रों में एलयू से वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, असम के पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु करिधाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश कुमार शुक्ला, नेपाल के सांसद रमेश लेखक, न्यूज एंकर व पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी और सीनियर जज न्यायमूर्ति एआर मसूदी का नाम शामिल है।

कुलपति पेश करेंगे शैक्षिक रिपोर्ट: दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की ओर से सत्र 2022-23 की शैक्षिक रिपोर्ट पेश की जाएगी। जिसके लिए सभी विभागों से डाटा मांगा गया है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्थापना दिवस पर सात पूर्व छात्र होंगे सम्मानित

लविवि : वरिष्ठ वैज्ञानिक से लेकर पुलिस महानिदेशक के पद सेवारत हैं पूर्व विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 103वें स्थापना दिवस समारोह में विवि के विभिन्न विभागों में शिक्षा हासिल करने वाले सात पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा। यह सभी राजनीति, विज्ञान, सिविल सेवा, न्यायपालिका व पत्रकारिता के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी इन्हें सम्मानित करेंगी।

इन पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

लविवि में 25 नवंबर को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पूर्व छात्रों में एलयू से वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, असम के पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु करिधाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश कुमार शुक्ला, नेपाल के सांसद रमेश लेखक, न्यूज एंकर व पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी और सीनियर जज न्यायमूर्ति एआर मसूदी का नाम शामिल है।

डॉ. अश्वनी कुमार सिंह- लविवि से वर्ष 1982 में बीएससी और 1984 में रसायन विज्ञान से एमएससी की डिग्री हासिल की। वर्तमान में यूएसए के शिकागो स्थित लेक काउंटी में वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक हैं।



ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह- असम के पुलिस महानिदेशक पद पर कार्यरत हैं। लविवि से वर्ष 1986 में बीएससी और 1988 में भूगर्भ विज्ञान विषय से एमएससी पास किया।

ऋतु करिधाल- इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु ने वर्ष 1998 में लखनऊ विवि से भौतिक विज्ञान विषय में एमएससी की शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

मुकेश कुमार शुक्ला- लविवि से वर्ष 1990 में बीकॉम और 1992 में एमकॉम की डिग्री हासिल की। वह शहर के प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट में शामिल हैं।

रमेश लेखक- नेपाल के सांसद व पूर्व मंत्री रमेश लेखक ने वर्ष 1989 में लविवि से एलएलबी की डिग्री हासिल की है।

प्रतीक त्रिवेदी- पत्रकारिता में लंबे समय से कार्य कर रहे न्यूज एंकर व पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी ने एलयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से वर्ष 1991 में एमजेएमसी की डिग्री प्राप्त की थी।

न्यायमूर्ति एआर मसूदी- एलयू से वर्ष 1988 में एलएलबी पास किए। वर्तमान में उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में सीनियर जज हैं।

प्रमुख पदकों के लिए 20 व 21 को होगा साक्षात्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चांसलर, वाइस चांसलर व जीएन चक्रवर्ती पदक के लिए साक्षात्कार की तिथि तय कर दी गई है। इन पदकों के लिए चयनितों का साक्षात्कार 20 व 21 नवंबर को होगा।

लविवि में छह दिसंबर को 66वां दीक्षांत समारोह 6 दिसंबर को होना है। इसके लिए पदक धारकों की सूची जारी कर दी गई है। समारोह में कुल 198 मेडल दिए जाएंगे। इसमें 15 पदक विवि और 183 पदक प्रायोजित हैं। दीक्षांत में लविवि की ओर से मेधावियों को तीन प्रतिष्ठित पदक दिए जाते हैं। जिसमें चांसलर, वाइस चांसलर और चक्रवर्ती पदक शामिल हैं।

इसके लिए विभाग स्तर पर विद्यार्थियों का चयन कर लिया गया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के 53 हजार से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ शामिल हो सकते हैं।

छह दिसंबर को प्रस्तावित है लविवि का 66वां दीक्षांत समारोह

कुलपति पेश करेंगे शैक्षिक रिपोर्ट

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की ओर से सत्र 2022-23 की शैक्षिक रिपोर्ट पेश की जाएगी। इसके लिए सभी विभागों से प्रगति ब्योरा मांगा गया है।

JAGRAN CITY PAGE IV

स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे सात पूर्व विद्यार्थी

लवि : सूची में विज्ञानी डा. रितु करिधाल, वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस एआर मसूदी सहित कई प्रमुख नाम शामिल

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने 25 नवंबर को होने वाले 103वें स्थापना दिवस पर सम्मानित किए जाने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं की सूची गुरुवार को जारी कर दी है। इस बार भी सात ऐसे पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि स्थापना दिवस पर सम्मानित होने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं में इसरो की वरिष्ठ विज्ञानी एवं चंद्रयान-दो व तीन में अहम भूमिका निभाने वालीं डा. ऋतु करिधाल, लेक काउंटी शिकागो के वरिष्ठ प्रमुख विज्ञानी डा. अश्वनी कुमार सिंह, असम के पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश कुमार शुक्ला, नेपाल के सांसद रमेश लेखक, न्यूज एंकर एवं पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी और इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति न्यायमूर्ति ए आर मसूदी शामिल हैं।

डा. ऋतु करिधाल

डा. अश्वनी कुमार

ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

न्यायमूर्ति ए आर मसूदी

रमेश लेखक

मुकेश कुमार शुक्ला

लवि से की इन कोर्सों की पढ़ाई

डा. ऋतु करिधाल एम.एससी भौतिक विज्ञान की पढ़ाई 1996 में डिग्री ली। छह महीने पीएचडी में भी पंजीकृत रहीं।

डा. अश्वनी कुमार सिंह वर्ष 1982 में बी.एससी, 1984 में एम. एससी रसायन विज्ञान की डिग्री ली।

ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बी.एससी 1986, भूगर्भ विज्ञान में एम.एससी 1988 में किया।

न्यायमूर्ति ए आर मसूदी 1988 में एल.एल.बी की डिग्री ली।

रमेश लेखक एलएलबी की पढ़ाई वर्ष 1989 में पूरी कर उपाधि हासिल की।

मुकेश कुमार शुक्ला बी.एम वर्ष 1990 और एम.एम 1992 में किया।

प्रतीक त्रिवेदी एम.जे.एम.सी वर्ष 1991 में किया।

दीक्षा समारोह में जारी होगी शैक्षिक उपलब्धियों की रिपोर्ट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 66वें दीक्षा समारोह का आयोजन छह दिसंबर को होगा। इसमें विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2022-23 की एकेडमिक उपलब्धियों की रिपोर्ट भी जारी करेगा। डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने गुरुवार को सभी विभागों को प्रारूप भेजकर 22 नवंबर तक शोध, अवार्ड से लेकर सभी सूचनाएं देने के लिए कहा है।

प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि दीक्षा समारोह में शैक्षिक उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इसके लिए विभागों से एक जुलाई 2022 से 30 जून 2023 तक मिलने वाले शोध प्रोजेक्ट, शोध प्रकाशन, पुस्तक प्रकाशन, पेटेंट, कापीराइट्स से लेकर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को मिले राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवार्ड/फेलोशिप, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियां, एमओयू के तहत की गईं गतिविधियां, प्लेसमेंट्स व प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों का विवरण मांगा गया है। उन्होंने बताया कि विवरण आने बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके दीक्षा समारोह में जारी की जाएगी।

22 नवंबर तक निर्धारित प्रारूप पर डीन एकेडमिक्स ने विभागों से मांगा विवरण

मुख्य पदक के लिए साक्षात्कार 20, 21 को: दीक्षा समारोह में 197 पदक दिए जाएंगे। इनमें अभी कुछ मेडल की सूची ही जारी की गई है। विश्वविद्यालय के मुख्य मेडल में शामिल डा. चक्रवर्ती गोल्ड मेडल, चांसलर गोल्ड मेडल और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल के लिए साक्षात्कार की तिथि तय कर दी गई है। चांसलर और चक्रवर्ती मेडल के लिए 20 नवंबर और कुलपति गोल्ड मेडल के लिए 21 नवंबर को साक्षात्कार होंगे। जल्द इसका पत्र जारी किया जाएगा।

लवि के पुराने परिसर में होगा दीक्षा समारोह

लवि का 66वां दीक्षा समारोह इस बार पुराने परिसर ऐतिहासिक कला संकाय प्रांगण में होगा। पिछले साल इसका आयोजन जानकीपुरम स्थित नए परिसर में किया गया था। अब फिर से पुराने परिसर में इसके आयोजन पर सहमति बनी है। इसके लिए भव्य पंडाल तैयार किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कमेटी को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

SWATATRA BHARAT PAGE 2

लविवि स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों को करेगा सम्मानित

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि

वरिष्ठ वैज्ञानिक से लेकर पुलिस महानिदेशक तक शामिल

विवि में आगामी 25 नवंबर को स्थापना दिवस के अवसर पर लविवि के 7 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। जिनमें डॉ.अश्वनी कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक लेक काउंटी, शिकागो, यूएसए बीएससी 1982, एमएससी रसायन विज्ञान,1984 और ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह पुलिस महानिदेशक,असम बीएससी 1986, एमएससी भूगर्भ विज्ञान, 1988 तथा सुश्री ऋतु करिधाल वरिष्ठ वैज्ञानिक, इसरो एमएससी भौतिक विज्ञान, 1996 और मुकेश कुमार शुक्ला चार्टर्ड अकाउंटेंट,लखनऊ बीकॉम 1990 एमकॉम 1992 तथा रमेश लेखक सांसद, नेपाल एलएलबी 1989 का नाम शामिल हैं। इसके अलावा प्रतीक त्रिवेदी न्यूज एंकर एवं पत्रकार एमजेएमसी 1991 और न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी सीनियर जज उच्च न्यायालय इलाहाबाद,लखनऊ खंडपीठ एलएलबी 1988 को सम्मानित किया जाएगा।



i-NEXT PAGE 4

स्थापना दिवस में सम्मानित होंगी 7 हस्तियां

लखनऊ यूनिवर्सिटी 25 नवंबर को अपना स्थापना दिवस मनाएगी है. इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगी. वहीं, इस मौके पर लखनऊ यूनिवर्सिटी अपने सात पूर्व छात्रों को भी सम्मानित करेगी. गुरुवार को सम्मानित होने वाले पूर्व छात्रों के नाम पर फैसला लिया गया. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि स्थापना दिवस पर एलयू के 7 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा. इनमें वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक लेक काउंटी शिकागो, यूएसए डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक असम ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु करिधल, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश कुमार शुक्ला, सांसद नेपाल रमेश लेखक, पत्रकार प्रतीक द्विवेदी व न्यायमूर्ति एआर मसूदी सीनियर जज उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ खंडपीठ के नाम शामिल हैं.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

स्थापना दिवस पर लविवि के 7 पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

लखनऊ। स्थापना दिवस समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के सात पूर्व छात्र सम्मानित किए जाएंगे। ज्यूडिशरी, पत्रकारिता, विज्ञान, राजनीति समेत कई क्षेत्रों में नाम कर चुके पूर्व छात्रों का सम्मान मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। विश्वविद्यालय में 25 नवंबर को 103वें स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी । जिनके द्वारा सात पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पूर्व छात्रों में वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, असम के पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु करिधाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश कुमार शुक्ला, नेपाल के सांसद रमेश लेखक, न्यूज एंकर व पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी और सीनियर जज न्यायमूर्ति एआर मसूदी शामिल है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

एलयू के स्थापना दिवस पर सात पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में सात पूर्व छात्र सम्मानित होंगे। विज्ञानएराजनीति समेत कई क्षेत्रों में नाम कर चुके पूर्व छात्रों का सम्मान मुख्य अतिथि करेंगी।

एलयू में 25 नवंबर को 103वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रहेंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पूर्व छात्रों में एलयू से वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी कुमार सिंहए असम के पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंहए इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु करिधालए चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश कुमार शुक्ला, नेपाल के सांसद रमेश लेखकए न्यूज एंकर व पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी और सीनियर जज न्यायमूर्ति एआर मसूदी का नाम शामिल है।

इन पूर्व छात्रों का होगा सम्मान: डॉ. अश्वनी कुमार सिंह. एलयू से वर्ष 1982 में बीएससी और 1984 में रसायन विज्ञान विषय से एमएससी की डिग्री हासिल की। आज यूएसए के शिकागो स्थित लेक काउंटी में वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक हैं।

ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह. असम के पुलिस महानिदेशक पद पर कार्यरत हैं। एलयू से वर्ष 1986 में बीएससी और 1988 में भूगर्भ विज्ञान विषय से एमएससी पास किया। ऋतु करिधाल. इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक ऋतु ने वर्ष 1998 में भौतिक विज्ञान विषय में एमएससी की शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने चंद्रयान.2 और चंद्रयान.3 मिशन में अहम जिम्मेदारी निभाई थी। मुकेश कुमार शुक्ला. एलयू से वर्ष 1990 में बीकॉम और 1992 में एमकॉम की डिग्री हासिल की। लखनऊ के प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट में से एक हैं। रमेश लेखक. नेपाल के सांसद व पूर्व मंत्री रमेश लेखक ने वर्ष 1989 में विश्वविद्यालय से एलएलबी की शिक्षा पूरी की थी। प्रतीक त्रिवेदी. पत्रकारिता जगत में लंबे वर्षों से कार्य कर रहे न्यूज एंकर व पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी ने एलयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से वर्ष 1991 में एमजेएमसी की डिग्री प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी. एलयू से वर्ष 1988 में एलएलबी पास किए। आज उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में सीनियर जज हैं।

HT PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow
(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)

Advertisement No. R/02/2023/SF Advertisement Date: 10/11/2023

Online Applications from Indian citizens are invited for the posts of Assistant Professor (Contractual), Associate Professor (Contractual), Professor (Contractual) and Director (Contractual) for various Self Financed Programs run under different Department/Institutions of the University.

Applicants are advised to visit CAREERS menu of the website www.lkouniv.ac.in for detailed advertisement and application form. Last date for submission of online application form is 07.12.2023. Applicants who had applied earlier against Advertisement No. R/06/21/SF Dated 29.07.2021 & R/02/22(SF) Dated 02.05.2022 respectively and whose selection process is not completed, need not apply again under that same post/category. **However they can update/amend their previous application form if needed.**

Registrar

HINDUSTAN PAGE 7

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow
(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)

विज्ञापन संख्या– R/02/2023/SF विज्ञापन दिनांक: 10/11/2023

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में संचालित होने वाले स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में सहायक आचार्य (संविदा), सह आचार्य (संविदा), आचार्य (संविदा) एवं निदेशक (संविदा) के पदों पर नियुक्ति/चयन हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट www.lkouniv.ac.in में CAREERS Menu पर अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 07.12.2023 है। पूर्व में निर्गत क्रमशः विज्ञापन संख्या आर0/06/21/SF दिनांक 29.07.2021 एवं आरु0/02/2022(SF) दिनांक 02.05.2022 के क्रम में जिन पदों पर चयन की प्रक्रिया अभी सम्पन्न नहीं हो सकी है उसके सापेक्ष आवेदित अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। यदि वे अपने आवेदन पत्र में कोई उन्नयन/संशोधन चाहते है तो कर सकते हैं।

कुलसचिव